दैनिक भास्कर 01/12/2024

जीएमएन कॉलेज में एड्स रोकथाम पर किया कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस ने ड्रॉप्स चेंज के सहयोग से विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया। छात्र स्वयंसेवकों ने डॉ. राकेश कुमार और डॉ. सुमन के मार्गदर्शन में एड्स बारे जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां की।



अम्बाला | कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

कार्यक्रम की सह संयोजक डॉ. सुमन ने बताया कि विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत 1988 में हुई थी। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हमें नए एचआईवी संक्रमणों को रोकने और विश्व स्तर पर एचआईवी से पीड़ित सभी लोगों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 38 मिलियन लोग विश्व भर में एचआईवी एड्स से पीड़ित हैं। ये बीमारी अभी तक असाध्य है और इसके लिए जीवन भर उपचार की आवश्यकता होती है। लोगों को इससे बचाव के प्रति जागरूक होना होगा।